प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 02.07.2025 समय : 01:00 पी.एम.

............................

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज अपनी पांच देशों की यात्रा पर रवाना हो गए है। वे इस दौरान घाना, त्रिनिदाद और टोबेगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया जायेंगे। श्री मोदी आज दो दिन की यात्रा पर घाना पहुंचेगे। अपने रवानगी भाषण में श्री मोदी ने कहा कि घाना ग्लोबल साउथ में भारत का एक महत्वपूर्ण सहयोगी है और उसने अफ्रीकी संघ तथा पश्चिमी अफ्रीकी राष्ट्रों के आर्थिक समुदाय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि वे निवेश, ऊर्जा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, क्षमता निर्माण और विकास भागीदारी क्षेत्र में विचार–विमर्श और आदान–प्रदान को और मजबूत बनाने की दिशा में अधिक सहयोग की आशा करते है। प्रधानमंत्री घाना की संसद को भी संबोधित करेंगे।

............................

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद–आईसीएमआर तथा राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र–एनसीडीसी के व्यापक अध्ययनों के अनुसार कोविड–19 के टीकों और अचानक होने वाली मौतों के बीच कोई संबंध नहीं है। इन प्रमुख चिकित्सा अनुसंधान संस्थानों के अध्ययनों ने पुष्टि की है कि देश में इस्तेमाल हुए कोविड–19 के टीके सुरक्षित और प्रभावी रहे हैं। देश में अचानक हृदय संबंधी मौतों की घटनाओं के लिए आनुवंशिकी, जीवनशैली, पहले से मौजूद स्थितियों और कोविड के बाद की जटिलताओं सहित कई अन्य कारकों को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है।

............................

प्रदेश में पंडित दीन दयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाडे के तहत ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पंहुचाया जा रहा है। इसके साथ ही कई जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की जा रही है। इसी कडी में बालोतरा में शिक्षा विभाग की ओर से स्वच्छता अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य जिले के सभी स्कूलों में स्वच्छता के प्रति जागरूगता बढाना है। वहीं कोटपूतली बहरोड के गिरूडी गांव में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का 4 जुलाई को जनसभा को संबोधित करने का कार्यक्रम है। इसके लिए जिला कलेक्टर प्रियंका गोस्वामी ने आज सभास्थल का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में 16 विभागों की स्टॉल्स लगायी जायेगी।

............................

अलवर में अंतर्राष्ट्रीय बाघ संग्रहालय बनाया जायेगा। केन्द्रीय वन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कल नई दिल्ली में इसकी घोषणा की। इस संग्रहालय में बाघों से जुडी प्रदर्शनी और जानकारियां उपलब्ध होगी। इसके साथ ही बाघों के शरीर की रचना, व्यवहार, आवास और उनके संरक्षण के बारे में भी जानकारी दी जायेगी। इसे कटीघाटी में बनने वाले चिडियाघर के पास बनाये जाने की योजना है। फिलहाल चिडियाघर के लिए डीपीआर तैयार की जा रही है।

............................

सवाईमाधोपुर में रणथंभौर दुर्ग स्थित त्रिनेत्र गणेश मंदिर के आसपास बाघ का विचरण देखा गया है। इसके चलते आज एक बार फिर दुर्ग परिसर में दर्शनार्थियों और पर्यटकों का प्रवेश रोका गया है। बुधवार होने के कारण बड़ी संख्या में आए पर्यटकों ने गणेश मंदिर के बजाय दुर्ग के मुख्य द्वार पर ही पूजा अर्चना की।

............................

राज्य में मानसून ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। आज कई स्थानों पर बारिश के समाचार है। जालौर में सुबह से ही रिमझिम बारिश का दौर बना हुआ है। सवाईमाधोपुर में हल्की बरसात हुई। बालोतरा में बादल छाये हुए है और मौसम खुशनुमा बना हुआ है। राजधानी जयपुर में भी आंशिक रूप से बादल छाये हुए है। मौसम विभाग ने अगले दो–तीन दिन पूरे प्रदेश में बरसात की संभावना जताई है। आज उदयपुर, कोटा, बारां, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा, डूंगरपुर सहित कई जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। दक्षिणी पूर्वी और दक्षिणी हिस्सों में कहीं–कहीं तेज बरसात भी हो सकती है।

............................

अमरनाथ धाम की 38 दिनों की यात्रा कल से औपचारिक रूप से शुरू होगी। इससे पहले आज तडके जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास आधार शिविर से अमरनाथ यात्रा के पहले जत्थे को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस तीर्थ यात्रा के लिए कुल पांच हजार आठ सौ 92 यात्री रवाना हुए हैं, जिनमें से दो हजार चार सौ 89 लोग बालटाल मार्ग से और तीन हजार चार सौ तीन

अनन्तनाग मार्ग से पवित्र गुफा तक पहुंचेंगे। तीन हजार आठ सौ 80 मीटर की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ धाम की यह यात्रा कल दोनों मार्गों से औपचारिक रूप से शुरू होगी जो नौ अगस्त को श्रावण पूर्णिमा के अवसर पर सम्पन्न होगी।

..............................

जयपुर के जवाहर कला केन्द्र में आज से मलहार महोत्सव शुरू हो रहा है। तीन दिन के इस उत्सव में वादन और नृत्य की प्रस्तुतियां होंगी। इस दौरान बांसुरी, सारंगी, संतूर और वायलिन वादन किया जायेगा। अंतिम दिन कथक की प्रस्तुति होगी।

..............................